फा. सं. 48013/1/2012-मा. (समन्वय),वॉल्यूम- III (ई-3595 )

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, प्रथम तल

36, जनपथ, नई दिल्ली

दिनांक 18 जनवरी, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः मत्स्यपालन विभाग की दिसंबर, 2022 माह की प्रमुख गतिविधियां और मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर मंत्रालयों/विभागों द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट के संबंध में ।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और इसके साथ दिसंबर, 2022 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

संलग्नक : यथोक्त

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)

सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति

मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ : श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली
4. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली

5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**<u>सूचना के लिए प्रतिलिपि:</u>**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**<u>मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में दिसंबर, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां</u>**

1. माह के दौरान, मत्स्यपालन विभाग ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत कुल 127.71 करोड़ रूपये की लागत से तमिलनाडु में बहुउद्देशीय समुद्री शैवाल पार्क की स्थापना के प्रस्ताव सहित पीएमएमएसवाई के तहत 143.07 करोड़ रूपये के केंद्रीय हिस्से के साथ 285.44 करोड़ रूपये के कुल परिव्यय पर 4 राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश, अर्थात्- तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और अंडमान और निकोबार प्रशासन के प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

2. 35 वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की बैठक 16 दिसंबर 2022 को आयोजित की गई थी और 827.81 करोड़ रूपये के परियोजना परिव्यय का मूल्यांकन किया गया था और पीएमएमएसवाई के अंतर्गत केरल, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और महाराष्ट्र की राज्य कार्य योजना सहित कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों को 643.30 करोड़ रूपये की परियोजनाओं की मंजूरी के लिए अनुशंसा की गई थी ।

3. 22-12-2022 को माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (एफएएचडी) की अध्यक्षता में मत्स्य/झींगा फ़ीड (चारा) तथा इस प्रकार की फीड के लिए उपयोग की जाने वाली सामाग्री पर आयात शुल्क में छूट के संबंध में मात्स्यिकी क्षेत्र से जुड़े उद्योग और हितधारकों के साथ विचारों/प्रतिवेदनों/सुझावों पर विचार करने के लिए एक पूर्व-बजट चर्चा/परामर्श आयोजित की गई थी ।

4. 25.12.2022 को मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के राज्य मंत्री ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का दौरा किया और मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और पोर्ट ब्लेयर और मायाबंदर में मछुआरा समुदाय के साथ भी बातचीत की।

5. 31-12-2022 को को मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के राज्य मंत्री ने केंद्रीय मत्स्य, नौचालन और इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट), कोच्चि का दौरा किया और चल रहे कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की समीक्षा की ।

6. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी)- नेशनल फ्रेशवाटर फिश ब्रूड बैंक (एनएफएफबीबी) - ईस्टर्न रीजनल सेंटर (ईआरसी) ने भुवनेश्वर में आनुवंशिक उन्नत (जीआई) स्कैम्पी ब्रूड बैंक की स्थापना की और 6 दिसंबर, 2022 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवाटर एक्वाकल्चर (केन्द्रीय मीठाजल जीवपालन अनुसंधान संस्थान) (सीआईएफए) के साथ अगले दो वर्षों के लिए प्रति वर्ष 50,000 प्रजनक बीज की आपूर्ति के लिए एक समझौता ज्ञापन ( एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इससे नेटवर्क हैचरी के लिए जीआई स्कैम्पी ब्रूड स्टॉक की उपलब्धता में सुधार होने की उम्मीद है और इसके परिणामस्वरूप एक्वाफार्मर्स (जलीय कृषि किसान) को पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता वाले स्कैम्पी बीज उपलब्ध होंगे।

7. 06-12-2022 को विभाग ने आर्कटिक नीति के कार्यान्वयन लिए रोड मैप की समीक्षा करने के लिए सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली में एम्पावर्ड आर्कटिक पॉलिसी ग्रुप (ईएपीजी) की अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक में भाग लिया और 2023 कार्य योजना बनाने और रोड मैप के अद्यतन की गतिविधियों में योगदान दिया ।

8. केपइसिटी बिल्डिंग कमिशन के सदस्य (सीबीसी) और उनकी टीम के साथ 14-12-2022 को बैठक आयोजित की गई और क्षमता निर्माण प्रक्रिया शुरू की गई।

9. नॉर्वे के राजदूत महामहिम श्री हंस जैकब फ्राइडनलंड के साथ 15.12.2022 को भारत नॉर्वे संयुक्त कार्य समूह (जेडब्लूजी) की अगली बैठक आयोजित करने, ट्रॉनहैम में एक्वा नॉर 2023, समुद्री स्थानिक योजना (मरीन स्पेशियल प्लानिंग) और स्थायी समुद्री केज पालन शुरू करने पर सहयोग सहित विभिन्न द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करने हेतु बैठक आयोजित की गई थी।

10. पाल्क बे मनेजमेंट अथॉरिटी के प्रस्ताव पर चर्चा करने और संघर्ष को कम करने के लिए इस क्षेत्र में मात्स्यिकी के संयुक्त प्रबंधन पर श्रीलंका के उच्चायुक्त अधिकारियों के साथ 30-12-2022 को बैठक की गई।

11. 5 जी एप्लिकेशन जैसे फ्लोटर फिक्सिंग पॉइंट्स के साथ समुद्र में पायलटिंग के लिए उपकरण, जीवन रक्षा के लिए डिजिटल घड़ी का उपयोग और, 5जी का उपयोग करके जहाजों के बीच संचार के साथ-साथ मछुआरों के लिए विभिन्न सुरक्षा उपायों की पहचान करने के लिए

प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ 22-12-2022 को बैठक आयोजित की गई थी ।

12. प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत एनएफडीबी द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करने और प्रशासनिक और नीतिगत मामलों पर निर्णय लेने के लिए एनएफडीबी की 43 वीं कार्यकारी समिति की बैठक 28-12-2022 को एनएफडीबी में आयोजित की गई थी।

13. व्यापार से संबंधित मामलों सहित आपसी हित और द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 20.12.2022 को भारत में थाईलैंड के राजदूत महामहिम सुश्री पट्टारत हॉन्गटन के साथ बैठक हुई। इसके अलावा, यह भी सहमति हुई कि थाईलैंड पक्ष मात्स्यिकी और जलीय कृषि के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के संस्थागतकरण के लिए एक समझौता ज्ञापन का मसौदा साझा करेगा।

14. चल रहे आज़ादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के एक भाग के रूप में 29-12-2022 को "मात्स्यिकी और जलीय कृषि के लिए बीमा कवरेज" पर एक राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया था । वेबिनार में देश भर से 170 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीएमएफआरआई और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और उसके उपरांत परिचर्चा मे शामिल हुए । उपरोक्त विचार-विमर्श के आधार पर एक्वा इंश्योरेंस को आगे कैसे बढ़ाया जाए, इस पर एक चर्चा पत्र तैयार किया जा रहा है।

15. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने महीने के दौरान एंटीबायोटिक मुक्त पदार्थों के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए हैचरी और नौपली पालन हैचरी के 02 आवेदन, 15 एक्वा इनपुट निर्माता/ वितरक कंपनियों के 80 आवेदनों को मंजूरी दी। इसके अलावा, सीएए ने आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्यों में स्थित 281 फार्मों और हैचरियों का निरीक्षण

किया और लाइसेंस की शर्तों के अनुपालन की जांच के लिए डिस्चार्ज बिंदुओं से पानी के नमूने एकत्र किए।

16. केन्द्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरिंग संस्थान (सीआईसीईएफ) ने पश्चिम बंगाल स्थित पेटुआघाट, शंकरपुर, काकद्वीप और फ्रेजरगंज के मत्स्यन बंदरगाहों के आधुनिकीकरण/उन्नयन योजना को 110.82 करोड़ रुपये की कुल लागत से फाइनालाईज़ कर दिया है।

17. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के सात मत्स्यन जहाजों ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम चलाए और संचालित किए। इसके अलावा, 05-12-2022 को वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित वैज्ञानिक समिति की बैठक के हिंद महासागर टूना आयोग (आईओटीसी) के पच्चीसवें सत्र में भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

18. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने महीने के दौरान क्रमशः 9,973 और 52,873 लोगों को कवर करते हुए 9 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों और 60 आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया।

19. राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रौधोगिकी तथा प्रशिक्षण संस्थान (निफेट) ने महीने के दौरान 86 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए 751 प्रशिक्षु दिनों का पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

20. जन शिकायतें: मत्स्यपालन विभाग में सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायतों का निपटान 31 दिसंबर, 2022 तक 96% था ।

***